युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 51वीं तथा राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 6वीं पुण्यतिथि समारोह के अन्तर्गत आयोजित साप्ताहिक ऑनलाइन व्याख्यानमाला (17-23 अगस्त 2020)

व्याख्यानमाला का उद्घाटन - 17 अगस्त को युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 51वीं तथा राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 6वीं पुण्यतिथि समारोह के अन्तर्गत आयोजित ऑनलाइन साप्ताहिक व्याख्यानमाला के उद्घाटन अवसर पर प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता एवं गोवा की पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त श्रीमती लीना महेंदले ने 'राष्ट्रीय चेतना'

सप्तदिवसीय व्याख्यान माला के उद्घाटन अवसर पर उद्बोधन देतीं श्रीमती लीना महेंदले

विषय पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रस्ताविकी प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार मिश्र ने प्रस्तुत दी। अतिथि स्वागत उद्बोधन राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह तथा

अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया।

व्याख्यानमाला का दूसरा दिन - 18 अगस्त को मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल ए.के. चतुर्वेदी ने 'राष्ट्रीय सुरक्षा' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास एवं संस्कृत विभाग के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार मिश्र तथा अतिथि स्वागत भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया।

व्याख्यानमाला का तीसरा दिन - 19 अगस्त को 'पाणिनीय शिक्षाशास्त्र में विज्ञान एवं गणित' विषय पर आई.आई.टी. कानपुर के मैकेनिकल इंजिनियरिंग विभाग के प्रो. नचिकेता तिवारी ने व्याखान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री सुबोध कुमार मिश्र तथा अतिथि स्वागत भौतिक विज्ञान प्रभारी श्रीमती मनीता सिंह ने किया।

व्याख्यानमाला का चौथा दिन- 20 अगस्त को लखनऊ के वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य वैद्य अजय दत्त शर्मा ने 'आयुर्वेद एक ईश्वरीय वरदान' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम का संचालन श्री सुबोध कुमार मिश्र ने किया ।

व्याख्यानमाला का पाँचवा दिन- 21 अगस्त को '21वीं सदी में नेतृत्त्व: सैन्य सेवा से सीख' विषय पर भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेन्ट जनरल दुष्यन्त सिंह ने ऑनलाइन उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री सुबोध कुमार मिश्र तथा अतिथि स्वागत महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह ने किया।

व्याख्यानमाला का छठवां दिन- 22 अगस्त को आई.टी. बी.एच.यू. के रसायन विज्ञान विभाग के सहआचार्य

व्याख्यान माला के दूसरे दिन विचार व्यक्त करते मेजर जनरल (रि.) ए.के. चतुर्वेदी

व्याख्यान माला के तीसरे दिन उद्‌बोधन देते डॉ. नचिकेता तिवारी

व्याख्यान माला के चौथे दिन विचार व्यक्त करते वैद्य अजय दत्त शर्मा

व्याख्यान माला के पाँचवे दिन उद्‌बोधन देते ले.ज. (रि.) दुष्यन्त सिंह

डॉ. वी. रामानाथन ने 'भारतीय काव्य परम्परा में स्त्रियों का योगदान' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री सुबोध कुमार मिश्र, अतिथि स्वागत हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया।

व्याख्यान माला के छठवें दिन विचार व्यक्त करते डॉ. वी. रामानाथन

व्याख्यान माला : समापन समारोह- 23 अगस्त को ऑनलाइन आयोजित युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं राष्ट्रसन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज स्मृति सप्त-दिवसीय व्याख्यानमाला के समापन अवसर पर 'कश्मीर: कल, आजकल और कल' विषय पर प्रखर राष्ट्रवादी चिन्तन और भारतीय कश्मीरी मानवाधिकार कार्यकर्ता श्री सुशील पण्डित ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथि स्वागत राजनीति शास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक, अध्यक्षीय उद्‌बोधन प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन श्री सुबोध कुमार मिश्र ने किया। सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के सातों दिनों में महाविद्यालय के फेसबुक और यूट्यूब चैनल पर बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी और श्रोतागण सक्रिय रुप में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में लगभग ढाई लाख से अधिक शिक्षक-विद्यार्थी एवं प्रबुद्धजन की ऑनलाईन सहभागिता हुई।

सप्तदिवसीय व्याख्यान माला के समापन अवसर पर उद्‌बोधन देते श्री सुशील पण्डित